RAF SECTOR

NEWS CLIP

27/01/2023

CENTRAL RESERVE POLICE

CENTRAL RESERVE POLICE FORCE
RAPID ACTION FORCE

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Mangrol, Jaipur, (RAJ)

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



मांगरोल @ पत्रिका. गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। स्थानीय थाना परिसर से प्रवीण कुमार सिंह 83 बटालियन कार्य बल के मार्गदर्शन एवं रामजस यादव सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में परिचय अभ्यास की शुरुआत करने के तहत थाना प्रभारी रामस्वरुप मीणा के साथ मिलकर थाना क्षेत्र में परिचित अभ्यास किया। रेपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकरी देते हुए रामजस यादव ने बताया कि इलाके की जनसंख्या सामुदायिक द्बष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाईयों की सूची तैयार की जाएगी। ताकि भविष्य में किसी प्रकार का सांप्रदायिक तनाव एवं दंगे की स्थिती घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर काबू पाया जा सके व नियंत्रण किया जा सके। बल के सदस्यों द्वारा राजनैतिक दलों समाजसेवीसंगठनों की भी जानकरी प्राप्त की जाएगी।

Allahabad Express, Prayagraj, (UP)

आर ए एफ में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

फाफामऊ। देश में प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है ।उसी परिपेक्ष में 101 द्रुत कार्य बल द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।उक्त अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश के हर नागरिक के लिए यह दिवस अहम है मतदान का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सही उम्मीदवार को चुने उससे हमारे देश का विकास एवं अवरुद्ध दिशा में चल सके भारत के प्रत्येक व्यक्ति का एक ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है ।हर व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। अंत में कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने जवानों व अधिकारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई।इस अवसर पर नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट प्रदीप पाठक उप कमांडेंट मुकेश कुमार पांडे उप कमांडेंट अन्य अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारी गण जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

आरएएफ मैत्री कप में डीजे बुरू हो क्लब ने 106 आरएएफ टीम को 2-1 से हराया

गणादेश रिपोर्टर

चक्रधरपुर: चक्रधरपुर रेलवे क्षेत्र के रेलवे ग्राउंड में रविवार को आयोजित आरएएफ मैत्री कप में चक्रधरपुर की डीजे बुरु हो क्लब ने 106 आरएएफ की टीम को एक रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर विजयी हुए। मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सूरज करइ को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मुकाबले के समाप्ति के पश्चात मुख्य अतिथि श्री प्रकाश चंद्र बादल, उप कमांडेंट, 106 रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा विजेता टीम एवं प्लेयर ऑफ द मैच को ट्रॉफी और इनाम राशि देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के पश्चात मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपने अभिभाषण में बताया कि खेल हम सभी के प्रतिदिन के जीवन के लिए बहुत अच्छा होता है क्योंकि ये हमें स्वस्थ्य वातावरण में सामान्य शारीरिक गतिविधियों में शामिल करता है। खेल का वातावरण खिलाड़ियों के लिए बहुत ही प्रतियोगी और चुनौतिपूर्ण हो जाता है इसलिए वे चुनौतियों को सामने रखकर उन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।